web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

Govt. Registered Social Justice Union

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष से रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, मंगलवार 28 मार्च 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 178

## महत्वपूर्ण एवं खास

### देश में 134 दिन बाद उपचाराधीन कोरोना मरीज़ों की संख्या 10 हजार के पार

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** भारत में कोरोना वायरस से संक्रमण के 1805 नए मामले मिले हैं जिसके बाद देश में 134 दिन के बाद उपचाराधीन मरीज़ों की संख्या 10 हजार के पार पहुंच गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा सोमवार सुबह आठ बजे अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, दैनिक संक्रमण दर 3.19 प्रतिशत है जबकि साप्ताहिक संक्रमण दर 1.39 प्रतिशत है। मंत्रालय के मुताबिक, देश में उपचाराधीन मरीज़ों की संख्या 10,300 हो गई है। बीते 24 घंटे में संक्रमण से छह लोगों की मौत होने से मृतक संख्या बढक़र 5,30,837 हो गई है। चंडीगढ़, गुजरात, हिमाचल प्रदेश और उत्तर प्रदेश में एक-एक संक्रमित की मौत हुई है जबकि केरल में संक्रमण से दो लोगों की मौत की सूचना है। आंकड़ों के मुताबिक, संक्रमितों की संख्या 4.47 करोड़ (4,47,05,952) हो गई हैं। मंत्रालय ने बताया कि उपचाराधीन मरीज़ों की संख्या कुल मामलों का 0.02 प्रतिशत है जबकि संक्रमण से उबरने की राष्ट्रीय दर 98.79 फीसदी है। अबतक 4,41,64,815 लोग संक्रमण से ठीक हो चुके हैं जबकि मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत है। मंत्रालय की वेबसाइट के मुताबिक, राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत देश में अब तक कोविड-19 रोधी टीके की 220.65 करोड़ खुराकें दी जा चुकी हैं।

### फ्राड घोषित करने से पहले कर्ज लेने वालों को अवसर दिया जाना चाहिए : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सर्वोच्च न्यायालय ने सोमवार को कहा कि कर्जदार या खाते को फ्राड घोषित करने से पहले खाताधारक को सुनवाई का अवसर दिया जाना चाहिए। मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ ने तेलंगाना उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश की पुष्टि की और गुजरात उच्च न्यायालय द्वारा लिए गए विपरीत दृष्टिकोण को रद्द कर दिया। पीठ ने कहा कि उधारकर्ता खातों को धोखाधड़ी के रूप में वगीकृत करने का निर्णय तर्कपूर्ण आदेश के साथ होना चाहिए। उन्होंने कहा कि उधारकर्ताओं को संस्थागत वित्त तक पहुंचने से रोकने से उधारकर्ताओं पर गंभीर प्रभाव पड़ता है और यह उधारकर्ताओं को ब्लैकलिस्ट करने के समान है, जो उनके क्रेडिट स्कोर को प्रभावित करता है। पीठ ने जोर देकर कहा कि धोखाधड़ी पर कर्जदारों को सुनवाई का अवसर दिया जाना चाहिए।

### तेजस्वी यादव बने पिता, पत्नी राजश्री ने दिया बेटी को जन्म

**पटना (आरएनएस)।** बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव पिता बन गए हैं। उनकी पत्नी राजश्री ने एक बेटी को जन्म दिया है। राजद नेता तेजस्वी ने सोमवार सुबह इसकी जानकारी स्वयं ट्विटर के जरिए लोगों और समर्थकों को दी। इस खबर के सामने आने के बाद उन्हें बधाईयां दी जाने लगी। तेजस्वी ने गोद में अपनी बेटी को लेकर एक तस्वीर भी शेयर की है। राजद नेता ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से ट्वीट कर लिखा ईश्वर ने आनंदित होकर पुत्री रत्न के रूप में उपहार भेजा है। तेजस्वी की बहन रोहिणी आचार्य भी अपने भाई के घर में बेटी आने से खुश है। उन्होंने ट्वीट कर लिखा, आज किलकारी गूंजी है मेरे घर-आंगन में, खुशियों का ऐसा तोहफा दिया है ईश्वर ने। उन्होंने आगे लिखा कि बनकर नन्हीं सी परी, मेरे घर मेहमान आई है, खुशियों संग सौगात लाई है, दादा-दादी बनने की खुशी में, मम्मी-पापा के चेहरे पे जो मुस्कान लाई है। उल्लेखनीय है कि राजश्री इन दिनों दिल्ली में है। तेजस्वी की मां और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी भी एक दिन पूर्व दिल्ली पहुंची थी।

### ईडी ने रियल एस्टेट कंपनी की एक करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को कहा कि उन्होंने केशरी एस्टेट्स प्राइवेट लिमिटेड और उसके निदेशकों के खिलाफ भुवनेश्वर में तीन स्थानों और बेरहामपुर में एक स्थान पर तलाशी अभियान चलाया। तलाशी परिसरों में भुवनेश्वर में निदेशकों के दो आवासीय परिसर और भुवनेश्वर और बेरहामपुर में एक-एक कार्यालय परिसर शामिल हैं। ईडी ने कहा- इस तलाशी के दौरान, भुवनेश्वर में एक निदेशक के आवासीय परिसर से लगभग 1 करोड़ रुपये मूल्य के 1.5 किलोग्राम से अधिक वजन के सोने के आभूषण, अपराध की आय का हिस्सा, विधिवत जब्त किए गए हैं। इन अभियानों के दौरान मामले से संबंधित भारी मात्रा में आपत्तिजनक दस्तावेज भी जब्त किए गए हैं।

# इजराइल की अत्याधुनिक सूक्ष्म सिंचाई पद्धतियों से प्रदेश के 95,159 किसानों को मिल रहा लाभ

- ड्रिप और स्प्रिंकलर से छोटे किसानों को मिल रही भरपूर आमदनी
- खेती की लागत में कमी के साथ-साथ आमदनी में हो रही बढ़ोत्तरी
- उद्यानिकी विभाग सूक्ष्म सिंचाई अपनाने पर किसानों को 45 से 55 प्रतिशत दे रहा अनुदान

**रायपुर (आरएनएस)।** इजराइल की अत्याधुनिक सूक्ष्म सिंचाई योजना का उपयोग छत्तीसगढ़ के किसान भी कर रहे हैं। राज्य में ड्रिप, एवं स्प्रिंकलर सिंचाई पद्धति लगातार लोकप्रिय हो रही है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा इस नई पद्धति को किसानों को अपनाने के लिए अनुदान भी दिया जा रहा है। इस नई तकनीक से उद्यानिकी फसलों की खेती के लिए सिंचाई के लिए कम पानी की जरूरत होती है। साथ ही भरपूर उत्पादन भी मिलता है। छत्तीसगढ़ में किसानों को सूक्ष्म सिंचाई योजना को अपनाने के लिए भरपूर प्रोत्साहन दिया जा रहा है। उद्यानिकी विभाग की इस योजना से राज्य में 95,159 किसानों को इसका लाभ दिया जा चुका है। योजना में लघु एवं सीमांत किसानों को 55 प्रतिशत तथा अन्य किसानों को 45 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। राज्य में उद्यानिकी फसलों के अंतर्गत लगभग 1,14,614 हेक्टेयर में ड्रिप एवं स्प्रिंकलर पद्धति के माध्यम से सिंचाई सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है जो कि उद्यानिकी फसलों के कुल रकबा 8,34,311 हेक्टेयर का 13.73 प्रतिशत है। छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार द्वारा संचालित सूक्ष्म सिंचाई योजना, उद्यानिकी की खेती करने वाले किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है। इस योजना के तहत टपक सिंचाई



(ड्रिप इर्रीगेशन) एवं फव्वारा (स्प्रिंकलर) से सिंचाई की जाती है। इस सिंचाई पद्धति से एक ओर जहां एक-एक बूंद पानी का उपयोग हो रहा है वहीं कम पानी में अधिक रकबे में सिंचाई की जा सकती है। किसानों को भरपूर लाभ भी हो रहा है। सूक्ष्म सिंचाई योजना से पौधों तक तुरन्त पानी पहुंचता है तथा रिसाव न होने के कारण खरपतवार भी कम निकलते है। इस पद्धति से फसलों के उत्पादन में अत्यधिक वृद्धि होती है। सबसे खास बात इसकी यह है कि यह पद्धति ऊँची-नीची भूमि पर भी कारगर साबित होती है। ड्रिप के माध्यम से फसलों को उर्वरक कीटनाशक दवा बड़ी आसानी से दी जा सकती है। इस पद्धति से सिंचाई पर होने वाले श्रम की भी बचत होती है। यह पद्धति प्रीसिजन एग्रीकल्चर का सर्वोच्च उदाहरण है। इसमें अधिकतम उपज के लिए सही समय पर सटीक और मात्रा में जल, उर्वरक, कीटनाशक आदि इनपुट का उपयोग किया जाता है। इससे फसलों का प्रबंधन में आसानी, श्रम की बचत होती है और उत्पादकता में वृद्धि होती है। टपक सिंचाई पद्धति को अपनाकर समृद्ध हुए महासमुंद जिले के ग्राम अमलोर के किसान लीलाधर यदु बताते हैं कि उनके पास 0.80 हेक्टेयर भूमि है। लगभग 4-5 वर्ष पूर्व बिना ड्रिप संयंत्र के सब्जी की खेती करता था, जिसमें मजदूरी एवं खाद-दवाई की लागत बहुत ज्यादा आती थी तथा पानी की खपत भी ज्यादा होती थी, पानी एवं खाद-दवाई का समुचित उपयोग नहीं हो पाता था, किन्तु वर्ष 2021-22 में ड्रिप सिंचाई की पद्धति को पहली बार सब्जी की खेती में अपनाया। इस पद्धति से सिंचाई के बाद खाद-दवाई एवं पानी के समुचित उपयोग हो सका और खर्च में काफी कमी आयी। मजदूरी लागत भी कम हुआ है, जिससे आमदनी बढ़ोत्तरी हुई। यदु ने बताया कि वर्तमान में बैंगन की फसल का अच्छा उत्पादन हो रहा है, जिसे स्थानीय बाजार में अच्छी कीमत मिल रही है। अच्छी आमदनी हो रही है, उन्हें बैंगन की खेती से 95,700 का लाभ प्राप्त हुआ है। कोरबा जिले के ग्राम बेंद्रककोना किसान ओंकार पटेल का कहना है कि वर्ष 2016-17 में 1.50 एकड़ में ड्रिप से मल्चिंग में करेला, बरबट्टी, लौकी इत्यादि का उत्पादन लिया जिससे मुझे फायदा हुआ था। गत वर्ष स्वयं के व्यय से 1.50 एकड़ में पुन: ड्रिप लगाकर करेला, बरबट्टी, लौकी, तरोइ, खीरा आदि का उत्पादन लिया, जिससे उन्हें बहुत अधिक लाभ हुआ। उत्पादित फसल का विक्रय कर 6 लाख की आय की आमदनी हुई है। वर्तमान में 3 एकड़ मे सब्जी की फसल ली जा रही है। जिससे उन्हें प्रतिवर्ष 3-4 लाख रूपये शुद्ध वार्षिक आय प्राप्त हो रही है।

कोरबा जिला के ग्राम गुजरा के निवासी कृषक श्रीराम कुमार ग्राम कड में प्रधानमंत्री सूक्ष्म सिंचाई योजना के तहत् ड्रिप सिंचाई पद्धति के जरिये बैंगन, फूलगोभी, पत्तागोभी, टमाटर, कद्दू, एवं मूली सब्जी की खेती की एवं इससे उन्हें 2 लाख रूपये की शुद्ध आय हुई है। उल्लेखनीय है कि उद्यान विभाग के विभिन्न योजनाओं से कृषकों ने सामुदायिक फैसिंग, पैक हाउस, मल्चिंग, पल्वराईजर, स्प्रेयर एवं सब्जी में डी.बी.टी. के माध्यम से लाभ अर्जित किया है।

## सुषमा स्वराज की बेटी बंसुरी को दिल्ली भाजपा कानूनी प्रकोष्ठ की सह-संयोजक बनाया

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भाजपा की दिवंगत नेता सुषमा स्वराज की बेटी और सुप्रीम कोर्ट में वकालत कर रहीं बंसुरी स्वराज को सक्रिय राजनीति में प्रवेश कर गई हैं। उन्हें भाजपा की दिल्ली इकाई के कानूनी प्रकोष्ठ की सह-संयोजक नियुक्त किया गया है। भाजपा की दिल्ली इकाई के प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा ने शुक्रवार को पूर्णकालिक राज्य अध्यक्ष के रूप में नामित होने के बाद राज्य इकाई में अपनी पहली नियुक्ति में स्वराज को इस पद पर नामित किया।



उन्होंने कहा कि स्वराज की नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी और इससे भाजपा को मजबूती मिलने की उम्मीद है। यह देखते हुए कि वह अतीत में भी कानूनी मामलों में पार्टी की मदद करती रही हैं, बंसुरी ने कहा, यह सिर्फ इतना है कि मुझे औपचारिक रूप से दिल्ली भाजपा के कानूनी विभाग के सह-संयोजक के रूप में अधिक सक्रिय रूप से पार्टी की सेवा करने का अवसर दिया गया है।

उन्होंने अपनी नियुक्ति के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के शीर्ष नेताओं को धन्यवाद दिया। उन्होंने एक ट्वीट में कहा, मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, जेपी नड्डा, बीएल संतोष, वीरेंद्र सचदेवा को धन्यवाद देना चाहूंगी कि उन्होंने मुझे भाजपा दिल्ली प्रदेश की सह-संयोजक के रूप में पार्टी की सेवा करने का अवसर दिया और मैं भाजपा की बहुत आभारी हूं।

भाजपा की दिल्ली इकाई के एक बयान के अनुसार, बंसुरी स्वराज ने 2007 में बार काउंसिल ऑफ दिल्ली के साथ पंजीकरण कराया और कानूनी पेशे में 16 साल का अनुभव है।

## नक्सलियों के प्रेशर आईईडी से 19वीं वाहिनी डी कंपनी के एपीसी शहीद

**बीजापुर (आरएनएस)।** जिले के थाना मिरतुर क्षेत्रान्तर्गत सीएएफ कैंप एटेपाल और तिमेनार के बीच सडक़ निर्माण कार्य में सुरक्षा देने के लिए कैंप तिमेनार से सुरक्षा बल सडक़ सुरक्षा के लिए रवाना हुई थी। एटेपाल कैंप से महज 01 किमी दूरी पर सडक़ से लगी टेकरी में नक्सलियों के प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से 19वीं वाहिनी डी कंपनी तिमेनार के एपीसी (असिस्टेंट प्लाटून कमांडेंट) विजय यादव निवासी शहीद हो गए। शहीद जवान उत्तरप्रदेश के बलिया जिले के राजपुर गांव की निवासी है। बीजापुर एसपी आंजनेय वार्ष्णेय ने इसकी पुष्टि की है। शहीद जवान के पार्थिव शरीर को भैरमगढ़ थाने में गार्ड आफ आनर दिया जाएगा।

**शहीद विजय यादव को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि एवं सलामी-** भैरमगढ़ के तिमेनार में सर्चिंग के दौरान सीएएफ के सहायक प्लाटून कमांडर विजय यादव आईईडी के चपेट में आने से शहीद हो गए। शहीद विजय यादव को भैरमगढ़ थाने में भावभीनी श्रद्धांजलि एवं सलामी दी गई। शहीद के पार्थिव शरीर को शव वाहन से जगदलपुर ले जाया गया। जगदलपुर से हेलिकाप्टर के माध्यम से उनके गृहग्राम उत्तरप्रदेश ले जाया जाएगा। श्रद्धांजलि देने विधायक विक्रम शाह मंडावी, पूर्व मंत्री महेश गागड़ा, डीआईजी कमलोचन कश्यप, कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा, पुलिस अधीक्षक आंजनेय वाष्र्णेय सहित जिला एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी, मीडिया प्रतिनिधि सहित गणमान्य नागरिकगण उपस्थित थे।



**मुख्यमंत्री ने प्रकट किया घटना पर गहरा दुख-** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में प्रेशर आईईडी की चपेट में आने पर छत्तीसगढ़ आम्र्ड फोर्स के असिस्टेंट प्लाटून कमांडर विजय यादव की शहादत पर गहरा दु:ख प्रकट किया है। उन्होंने इस घटना को दु:खद बताते हुए नक्सलियों की इस कायराना हरकत की कड़ी निंदा की है। छत्तीसगढ़ आम्र्ड फोर्स की एक टीम आज सुबह मिरतुर थाना क्षेत्र में एरिया डामिनेशन के लिए निकली थी। मुख्यमंत्री ने शहीद यादव के शोक संतप्त परिवारजनों के प्रति संवेदना प्रकट की है।

## सावरकर के बयान पर घिरे राहुल गांधी : राउत ने कहा ये अपमान बर्दाश्त नहीं

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सावरकर वाले बयान पर उद्धव ठाकरे गुट के नेता संजय राउत ने राहुल गांधी पर निशाना साधाते हुए कहा कि हम सावरकर का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे। इससे विपक्षी गठबंधन में दरार पैदा होगी। राहुल गांधी द्वारा वी.डी. सावरकर को लेकर दिए गए बयान के बाद उद्धव ठाकरे गुट ने इसपर आपत्ति जताई थी। उद्धव ठाकरे के बयान के बाद अब संजय राउत का भी एक बयान सामने आया है।

संजय राउत ने अपनी प्रतिक्रिया जाहिर करते हुए कहा, वीर सावरकर हमारे और देश के लिए श्रद्धा का विषय हैं। अंडमान में 14 साल तक काला पानी की सजा आसान नहीं है। ऐसी टिप्पणी पर महाराष्ट्र की जनता करारा जवाब दे सकती है। हम आपके साथ हैं लेकिन वीर सावरकर हमारे प्रेरणास्रोत हैं।

उन्होंने कहा, हम केवल पीड़ाओं को पढ़ सकते हैं। यह बलिदान का एक रूप है। हम सावरकर का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे।

उन्होंने कहा ये यह बात चेतावनी की नहीं है हमने अपना मत स्पष्ट किया है। वीर सावरकर राज्य के लिए हमारे लिए और देश के लिए एक श्रद्धा का विषय हैं और हमेशा ही रहेंगे। वीर सावरकर ने जिस तरीके से देश के लिए काला पानी की सजा को स्वीकार किया और 14 साल जेल में रहे, यह आसान बात नहीं है।

इससे पहले शिवसेना (यूबीटी) के नेता उद्धव ठाकरे ने रविवार को चेतावनी दी थी कि सावरकर को नीचा दिखाने से विपक्षी गठबंधन में दरार पैदा होगी। वह हिंदुत्व विचारक वी.डी सावरकर को अपना आदर्श मानते हैं और कांग्रेस नेता से उनका अपमान करने से बचने को कहा।

उन्होंने कहा कि अगर राहुल गांधी सावरकर को निंदा करना जारी रखते हैं तो विपक्षी गठबंधन में दरार आ सकती है। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख ने कहा, वीर सावरकर हमारे भगवान हैं, और उनके प्रति कोई भी अनादर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ठाकरे ने कहा कि उन्होंने राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का भी समर्थन किया और राहुल गांधी ने अपनी प्रेसवार्ता में जो सवाल उठाए वो वैध हैं, लेकिन सावरकर पर सवाल उठाना सही नहीं। गौरतलब है कि राहुल गांधी ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए शनिवार को कहा था, मेरा नाम सावरकर नहीं है, मेरा नाम गांधी है और गांधी किसी से माफी नहीं मांगते हैं।



### राहुल गांधी को एक और झटका, खाली करना होगा सरकारी बंगला

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। कुछ दिन पहले ही उनको लोकसभा से अय़ोग्य करार दिया गया था वहीं आज उन्हें अब सरकारी बंगला भी खाली करना होगा। लोकसभा आवास समिति ने राहुल गांधी को नोटिस जारी कर दिया है। नोटिस के तहत राहुल को 22 अप्रैल तक बंगला खाली करना होगा। राहुल गांधी 12 तुगलक लेन वाले सरकारी बंगले में रह रहे हैं। बंगला खाली करने का नोटिस जारी होने पर कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि ये राहुल गांधी के प्रति बीजेपी की नफरत को दर्शाता है। नोटिस दिए जाने के बाद 30 दिनों की अवधि के लिए, व्यक्ति उसी घर में रहना जारी रख सकता है। 30 दिनों की समयावधि के बाद कोई व्यक्ति बाजार दरों पर किराए का भुगतान करके उसी घर में रहना जारी रख सकता है। राहुल गांधी जेड प्लस सुरक्षा श्रेणी में आते हैं।

## जेल से एनएससीएन-के (एनएस) के दो उग्रवादी सुरक्षाकर्मी की हत्या कर फरार हुए

**ईटानगर (आरएनएस)।** अरुणाचल प्रदेश में निकी सुमी के नेतृत्व वाले एनएससीएन (के) गुट के दो उग्रवादी ड्यूटी पर तैनात सुरक्षाकर्मी की हत्या कर तिरप जिले की खोंसा जेल से फरार हो गए। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

अरुणाचल प्रदेश पुलिस के प्रवक्ता रोहित राजबीर सिंह ने बताया कि जेल के विशेष प्रकोष्ठ में कैद दो उग्रवादी रोकसेन होमचा लोवांग और तिप्पु कितनिया ने कांस्टेबल वांगन्याम बोसई से सर्विस राइफल छीन ली और रविवार को शाम करीब पांच बजे बोसई पर गोली चलाई तथा जेल से फरार हो गए।

बोसई के पेट में गोली लगी थी। असम के डिब्रूगढ़ जिले में अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उन्होंने दम तोड़ दिया। कितनिया चांगलांग जिले में खारसांग का निवासी है जो विचाराधीन कैदी था और तिरप जिले में बोरदुरिया का निवासी लोवांग हत्या के मामले में सजा काट रहा था।

प्रवक्ता ने बताया कि फरार कैदियों को पकडऩे के लिए तिरप के पुलिस अधीक्षक (एसपी) और छठी असम राइफल्स के कमांडिंग अधिकारी के नेतृत्व में तलाश अभियान चलाया जा रहा है। सिंह ने कहा कि ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले कर्मियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू की जा रही है।

# 22 अप्रैल को 12 बजकर 41 मिनट पर खुलेंगे यमुनोत्री धाम के कपाट

**उत्तरकाशी (आरएनएस)।** यमुना जयंती के पावन पर्व पर चारधाम के पहले प्रमुख तीर्थ धाम यमुनोत्री के कपाट 22 अप्रैल को अक्षय तृतीया के पर्व पर दोपहर 12 बजकर 41 मिनट पर कर्क लग्न अभिजित मुहूर्त पर श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। मां यमुना के मायके खरशाली गांव में स्थित शीतकालीन यमुना मंदिर परिसर में पुरोहित समाज की बैठक में यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने का विधिवत ढंग से शुभ मुहूर्त निकाला गया। सोमवार को यमुना जयंती चैत्र नवरात्रि के शुभ अवसर पर मां यमुना के शीतकालीन प्रवास खुशीमठ (खरसाली) में मंदिर समिति यमनोत्री द्वारा मां यमुना की पूजा अर्चना के पश्चात विधि विधान पंचाग गणना के पश्चात विद्वान आचार्यो- तीर्थपुरोहितों द्वारा श्री यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने की तिथि तथा समय तय किया गया।

श्री यमुनोत्री मंदिर समिति के सचिव सुरेश उनियाल ने मंदिर समिति पदाधिकारियों तथा तीर्थ पुरोहितों की उपस्थिति में कपाट खुलने की तिथि और समय की विधिवत घोषणा की।



मंदिर समिति के पूर्व सचिव कीर्तेश्वर उनियाल ने बताया कि इस अवसर पर मां यमुना की उत्सव डोली के धाम प्रस्थान का भी कार्यक्रम तय हुआ। शनिवार 22 अप्रैल को मां यमुना की उत्सव डोली, मां यमुना जी के भाई श्री सोमेश्वर देवता के साथ समारोह पूर्वक सेना के बैंड के साथ खुशीमठ से प्रात: 8 बजकर 25 मिनट पर प्रस्थान यमुनोत्री मंदिर परिसर में पहुंचेगी। अक्षय तृतीया 22 अप्रैल को दिन में 12 बजकर 41 मिनट पर श्री यमुनोत्री मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोले जायेंगे।

कपाट खुलने की तिथि तय होने के अवसर पर शीतकालीन रावल ब्रह्मानंद उनियाल, मंदिर समिति सचिव सुरेश सेमवाल, उपाध्यक्ष राजस्वरूप उनियाल, श्री यमुनोत्री महासभा अध्यक्ष पुरूषोत्तम उनियाल, यमुनोत्री मंदिर समिति के पूर्व सचिव कृतेश्वर उनियाल, आदि उपस्थित रहे।

श्री बदरीनाथ धाम के कपाट 27 अप्रैल प्रात: 7 बजकर 10 मिनट तथा श्री केदारनाथ धाम के कपाट 25 अप्रैल प्रात: 6 बजकर 20 मिनट पर तथा श्री गंगोत्री धाम के कपाट अक्षय तृतीया 22 अप्रैल दिन में 12 बजकर 35 मिनट पर श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खुलेंगे।

प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी चारधाम यात्रा तैयारियों को पूरा करने हेतु 15 अप्रैल तक पूरा करने के निर्देश दे चुके हैं। पर्यटन- धर्मस्व मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि चारधाम यात्रा हेतु श्रद्धालुओं में उत्साह है। अभी तक चारों धामों हेतु पंजीकरण की संख्या छ लाख चौंतीस हजार से अधिक पहुंच गयी है।

इसी संदर्भ में चारधाम यात्रा प्रशासन संगठन के विशेष कार्याधिकारी/अपर आयुक्त गढ़वाल नरेन्द्र सिंह क्वीरियाल ने बताया कि शासन के दिशा-निदेशरें के तहत चारोंधामों में सभी विभागों को यात्रा संबंधित तैयारियां तथा कार्य को 15 अप्रैल तक पूरा किये जाने हेतु गढवाल कमिश्नर/अध्यक्ष यात्रा प्रशासन संगठन सुशील कुमार द्वारा जिलाधिकारी चमोली, रूद्रप्रयाग तथा उत्तरकाशी तथा सभी जिलाधिकारियों को आदेश दिये हैं। लगातार बैठकों तथा वीडियो कांफ्रेंसिंग के द्वारा लगातार यात्रा तैयारियों की मानंटरिंग की जा रही है। बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्गो सहित विद्युत, पेयजल, संचार, चिकित्सा, आवास सुविधाओं को समयबद्ध ढग़ से व्यवस्थित किया जा रहा है।

प्रशासन रूद्रप्रयाग द्वारा केदारनाथ में पैदल मार्ग से बर्फ हटाने का कार्य अंतिम चरण में है। यात्रा प्रशासन संगठन के वैयक्तिक सहायक अरविंद कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि शासन के दिशा-निर्देश पर ऋषिकेश में चारधाम यात्रा ट्रांजिट कैंप में आवश्यक यात्री सुविधायें जुटायी जा रही है।